## सार-समाचार

### जेएसजी संगिनी फेस्टिवल के पोस्टर का विमोचन

**कोटा,** (निसं)। जेएसजी संगिनी आगामी 21 दिसंबर को कोटा में लेकर आ रहे है आप सभी के लिये संगिनी फेस्टिवल। संगिनी फेस्टिवल के पोस्टर का विमोचन आज माहेश्वरी भवन में राजेश कृष्णा बिड़ला, व राकेश मड़िया, भाजपा कोटा जिला अध्यक्ष के सानिध्य में किया गया। संगिनी अध्यक्ष कविता बाफना ने बताया कि इस फेस्टिवल में संगिनी द्वारा घुमंतु छात्रावास के बच्चों को फ्री में बुलाया जायेगा व उनको जरूरत की सभी सामग्री को वितरित किया जायेगा। कार्यक्रम की डिजाइनर निशा जैन वेद ने बताया कि इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा व अनेक प्रकार की फूड स्टॉल, गेम्स जोन, शॉपिंग आदि की स्टाल भी लगाई जायेगी। मोनिका ने बताया कि फेस्टिवल में ओरिया ज्वेलर्स गुमानपुरा द्वारा पॉवर्ड किया गया है व इसमें हमको वर्धमान ग्रुप, सीएनटी सिस्टम, पारस ज्वैलर्स, बजाज टीएमटी, शीतल ज्वैलर्स, कलाकुंज, फिटसाईज स्टुडियों, वंदना नरेन्द्र जैन सर्राफ, केएम ज्वैलर्स, इथोस हॉस्पिटल, गो प्ले आदि सभी संस्थाओं का सहयोग प्राप्त हुआ है। बीना बिलाला ने बताया कि फेस्टिवल कोटा में सभी के लिये ओपन टू ऑल रखा गया हैं। अनीता व वंदना ने बताया कि इससे प्राप्त राशि की संस्था द्वारा चैरिटी की जायेगा। इस अवसर पर संगिनी ग्रुप से अंजली, गरिमा, सोनिका आदि ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### विनोद पारेता कांग्रेस ओबीसी विभाग के प्रदेश महासचिव बने

**कोटा,** (निसं)। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल जय हिंद ने राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के ओबीसी विभाग में प्रदेश पदाधिकारियों की नियुक्तिया की है जिसमें कोटा के विनोद पारेता को प्रदेश महासचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदेश महासचिव बनने के साथ ही विनोद पारेता को प्रदेश पदाधिकारी एवं कोटा वासियों ने शुभकामनाएं प्रेषित की है। नई जिम्मेदारी मिलने के साथ ही पारेता ने कहा कि संगठन ने बड़ी जिम्मेदारी दी है, इस महत्वपूर्ण पद पर कार्य करते हुए पार्टी को और भी अधिक मजबूत स्थिति में पहुंचाकर युवाओं को साथ जोड़ने का पूरा प्रयास किया जाएगा। साथ ही वरिष्ठ पदाधिकारी एवं नेताओं के सानिध्य में कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जिस तरह से भाजपा सरकार में लोग परेशान हो चुके हैं, ऐसी स्थिति में सरकार से संघर्ष करते हुए लोगों के कार्यों को करने का भी प्रयास किया जाएगा और सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाई जाएगी। प्रदेश में भ्रमण कर नए लोगों को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। शीर्ष नेतृत्व के अनुसार तत्काल प्रभाव से पद ग्रहण कर पार्टी की रीति-नीति के तहत कार्य करने के आदेश जारी किए गए हैं उसकी अनुपालना में कार्य को गति दी जाएगी।

### अलग-अलग क्षेत्र से तीन नेत्रदान लिये

**कोटा,** (निसं)। शाईन इंडिया फाउंडेशन के नेत्रदान जागरूकता अभियान से पूरे हाड़ौती संभाग में, जागरूकता और शोक के समय पर नेत्रदान का प्रतिशत बढ़ने लगा हैं। प्रदेश में शाईन इंडिया फाउंडेशन अकेला ऐसा संस्थान है, जो समय पर सूचना आने पर, कोटा के आसपास के 250 किलोमीटर के दायरे तक नेत्रदान लेने का कार्य करता हैं। इसी क्रम में पिछले 16 घंटे के दौरान, कोटा से 80 किलोमीटर दूर बारां, 35 किलोमीटर दूर बूंदी, और 70 किलोमीटर दूर रामगंजमंडी में कुल तीन नेत्रदान संपन्न हुए। सोमवार को, बारां शहर के संस्था के ज्योति मित्र हितेश खंडेलवाल की सूचना पर, जैन कॉलोनी, बारां निवासी केवलचंद जैन का नेत्रदान डॉ. कुलवंत गौड़ ने प्राप्त किया। इसकी ठीक बाद ही बूंदी से ज्योति मित्र इदरीस बोहरा की सूचना पर, डॉ गौड़ ने रजत गृह कॉलोनी निवासी नीरज जैन की धर्मपत्नी राजेश जैन का नेत्रदान लिया। बूंदी के नेत्रदान पर ही ज्योति मित्र संजय विजावत के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई की, बाजार नंबर 5, रामगंजमंडी निवासी नेत्रदान संकल्पित ओम प्रकाश गुप्ता (सेवानिवृत्त डाक-तार विभाग) का आकस्मिक निधन हुआ है, परिजनों ने स्वप्रेरणा से, उनका भी नेत्रदान संपन्न करवाया।

### श्री राधा गोविंद देव मंदिर का 18वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

**कोटा,** (निसं)। न्यू क्लॉथ मार्केट में स्थित श्री राधा गोविंद देव मंदिर का 18वाँ स्थापना दिवस भक्ति, उत्साह और आध्यात्मिक माहौल के बीच संपन्न हुआ। सुबह 11 बजे अभिषेक और सामूहिक पाठ के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने लगी और पूरे दिन दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। समारोह होलसेल क्लॉथ मर्चेंट एसोसिएशन कोटा के सहयोग से आयोजित किया गया। संघ के अध्यक्ष कन्हैया लाल ग्वालानी, सचिव नरेश राजानी और अन्य पदाधिकारियों ने पूरे आयोजन में सक्रिय भागीदारी की। राधा-गोविंद जी का मनमोहक श्रृंगार किया गया।कार्यक्रम के दौरान अखण्ड रामायण का पाठ किया गया। शहर की सुख-समृद्धि और शांति की कामना के लिए विशेष हवन का आयोजन किया गया, जिसमें क्लॉथ मार्केट के कई व्यापारियों ने हिस्सा लिया। दिनभर चले भक्ति आयोजनों के दौरान लगभग 2000 से अधिक श्रद्धालुओं ने महाभोज प्रसादी ग्रहण की। प्रसादी वितरण में स्वयंसेवकों और मंदिर प्रबंधन ने सराहनीय योगदान दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के प्रतिष्ठित नागरिक, व्यापारी और सेवाभावी कार्यकर्ता शामिल हुए।

### हितेश ने 69 वीं बार एसडीपी डोनेट की

**कोटा,** (निसं)। गंभीर रोगियों के लिए टीम जीवनदाता निरंतर जीवनदायिनी बनकर सेवा के लिए तत्पर रहती है, ऐसा ही एक मामला सामने आया जब ज्योति नागर की प्लेटलेट बेहद कम थी और उसे गंभीर हालत में जयपुर रैफर किया गया था, ऐसे में चिकित्सकों ने पहले एसडीपी चढ़ाने के लिए कहा, अर्जेंट मामला होने से ए पॉजिटिव एसडीपी डोनर हितेश मलकानी को फोन किया तो वह दुकान पर ग्राहकी में व्यस्त थे। स्थिति की गंभीरता से उनके कदम रुके नहीं और लेकिन मालिक से अनुमति लेकर वह सीधा अपना ब्लड सेंटर तलवंडी पहुंचे और गंभीर ज्योति नागर के लिए उन्होंने 69वीं बार एसडीपी डोनेट की है। वह इससे पूर्व 90 बार ब्लड डोनेशन कर चुके हैं। इस सेवा के जब्बे को देखते हुए अपना ब्लड सेंटर के स्टॉफ ने उनका करतल ध्वनि से अभिवादन किया। हितेश मलकानी का कहना है कि टीम जीवनदाता सेवा का एक बड़ा प्लेटफार्म है जिसके माध्यम से हम सभी जुड़कर जरूरतमंद की मदद कर जीवन बचाने का प्रयास करते हैं।

### न्याय आपके द्वार के संबंध में जानकारी दी

**कोटा,** (निसं)। न्याय आपके द्वार-लोक उपयोगिता समस्याओं का सुलभ और त्वरित समाधान अभियान" के अंतर्गत मंगलवार को सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गीता चौधरी की अध्यक्षता में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा सहयोगिनियों एवं साथिनों के सुपरवाईजरर्स के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान के संबंध में जानकारी प्रदान की गई तथा इस जानकारी को सुपरवाइर्जस द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा सहयोगिनियों एवं साथिनों के साथ साझा करने के निर्देश दिए। साथ ही, फील्ड वर्क के दौरान अधिक से अधिक व्यक्तियों से सम्पर्क कर लोगों को इस अभियान के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए कहा गया। उन्होंने बताया कि जनपयोगी सेवाओं से संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण के संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में शिकायत का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जा सकता है।

### पालिकाअध्यक्ष ने अनुकम्पा नियुक्ति पत्र सौंपा

**रामगंजमण्डी,** (निसं)। विगत दिनों पालिका के कार्मिक प्रदीप दावरे का हृदयघात से निधन हो गया था। नगर पालिका रामगंजमंडी द्वारा मंगलवार को उनकी पत्नी विमला देवी को सफाई सेविका के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति हेतु जो उन्होंने नगरपालिका में आवेदन कर रखा था तथा लम्बित चल रहा था, जिस पर त्वरित कार्यवाही करके अनुकम्पा नियुक्ति पत्र सौंपा। पालिका अध्यक्ष अखलेश मेड़तवाल के संज्ञान में लाने पर पालिका अध्यक्ष द्वारा तत्काल प्रभाव से सारी विभागीय कार्यवाही पूर्ण कराकर मंगलवार को विमला देवी पत्नी स्व. प्रदीप दावरे को पालिका सेवा में सफाई सेविका के पद पर नियुक्ति प्रदान कर नियुक्ति पत्र सौंपा गया।

### कार्यशाला आज से

**कोटा,** (निसं)। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र कोटा एवं रेम्प प्रोजेक्ट एमएसएसई जयपुर द्वारा आयोजित किए जा रहे हाड़ौती हस्तशिल्प महोत्सव-2025 में 3 दिसम्बर, बुधवार को सांय 4 बजे से ग्रामीण हाट परिसर नयापुरा में उद्यमियों, युवाओं, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी देने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

# निगम अधिकारियों ने जनसमस्याएं सुनी

**कोटा,** (निसं)। आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान तथा निगम की सेवाओं की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार से नगर निगम कार्यालय में जनसुनवाई प्रारंभ की गई।

आयुक्त ओम प्रकाश मेहरा की अध्यक्षता और निगम के समस्त अनुभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित जनसुनवाई के दौरान 37 व्यक्तियों ने अपनी समस्याओं से अवगत करवाया। आयुक्त मेहरा ने बताया कि जनसुनवाई का मुख्य उद्देश्य अधिकारियों की उपस्थिति में आमजन से सीधा संवाद कर उनकी परेशानी को समझना तथा यथासंभव अतिशीघ्र समाधान करना है। जनसुनवाई के पहले दिन मंगलवार को 37 व्यक्तियों ने अपने परिवाद प्रस्तुत किए।




कोटा नगर निगम आयुक्त ने जनसुनवाई की।

अधिकांश प्रकरण पट्टे, सफाई और अतिक्रमण से संबंधित थे, जिनके बारे में जनसुनवाई के दौरान नागरिकों ने अधिकारियों की मौजूदगी में अपनी बात खुलकर रखी। इसके अलावा जन्म प्रमाण पत्र में त्रुटि, स्पीड ब्रेकर हटवाने, पड़ौसियों द्वारा खाली प्लॉट में अपशिष्ट जलाने, नाली एवं सड़क निर्माण, रोड़ लाईट लगाने, पीएम स्वनिधि ऋण की दूसरी किस्त प्राप्त करने में आ रही कठिनाई से संबंधित परिवाद भी जनसुनवाई में आए।

आयुक्त मेहरा ने बताया कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान निगम की प्राथमिकता हैं। परिवादियों की पीड़ा को सुनने के बाद संबंधित अनुभाग के अधिकारियों से भी मौके पर ही चर्चा की गई। यदि परिवादी से कोई अन्य जानकारी अपेक्षित थी तो उसके बारे में भी मौके पर ही पूछा गया। अब यह सभी परिवाद संबंधित अनुभाग अधिकारियों को प्रेषित कर दिए गए हैं। अनुभाग अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे यथाशीघ्र परिवादों को निस्तारित करें। अगली जनसुनवाई से पूर्व कोई भी शिकायत पेंडिंग नहीं रहनी चाहिए।

जनसुनवाई अब 16 दिसम्बर को- नोडल अधिकारी एवं उपायुक्त जवाहर लाल जैन ने बताया कि नगर निगम कार्यालय में अब प्रत्येक माह के पहले और तीसरे मंगलवार को जनसुनवाई की व्यवस्था की गई है। इसके तहत अगली जनसुनवाई अब 16 दिसम्बर को नगर निगम के प्रशासनिक भवन के ब्लॉक ए में प्रथम तल स्थित मीटिंग हॉल में आयोजित की जाएगी।

# आईजेएसओ में एलन स्टूडेंट्स को एक गोल्ड, दो सिल्वर मैडल

**कोटा,** (निसं)। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड के स्टूडेंट्स इंटरनेशनल लेवल पर होने वाले ओलंपियाड्स में लगातार अपनी श्रेष्ठता साबित कर रहे हैं।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट कोटा के प्रेसिडेंट विनोद कुमावत ने बताया कि हाल ही में रशिया में आयोजित 22वें इंटरनेशनल जूनियर साइंस ओलंपियाड (आईजेएसओ) में एलन के स्टूडेंट्स ने शानदार प्रदर्शन किया है। परिणामों में एलन स्टूडेंट आदिश जैन ने गोल्ड मैडल हासिल किया है। जबकि रूहान मोहंती एवं एसवी तेजस ने सिल्वर मैडल हासिल किए हैं।

इनमें आदिश एलन ऑनलाइन एवं रुहान व एसवी तेजस क्लासरूम प्रोग्राम से हैं। 22वां आईजेएसओ 23 नवंबर से 2 दिसंबर तक रशिया में आयोजित हुआ था।

इसमें 24 देशों से 140 स्टूडेंट्स शामिल हुए थे। कुमावत ने बताया कि आईजेएसओ की परीक्षा चार चरणों में होती है। पहले चरण एनएसईजेएस के बाद एलन से 152 स्टूडेंट्स का चयन दूसरे चरण आईएनजेएसओ के लिए हुआ था।

दूसरे चरण के बाद पूरे देश से 36 स्टूडेंट्स का चयन तीसरे चरण ओसीएससी के लिए हुआ था, जिसमें से 32 एलन से थे।

लिखित, प्रायोगिक एवं तार्किक परीक्षण के आधार पर टॉप छह स्टूडेंट्स का चयन भारतीय टीम के लिए हुआ था। इनमें से तीन एलन स्टूडेंट्स ने फाईनल में मैडल हासिल किए।


## कार्यालय नगर निगम कोटा, राजस्थान

क्रमांक:-ननिकोटा/उपा.रा./2025/27-28 दिनांक:-02.12.25

**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को जर्ये आम सूचना सूचित किया जाता है कि श्री अर्जुन दास पुत्र श्री छुग्गाराम, निवासी 66, सूरज जी का बड, वार्ड नं. 40, बून्दी नगर निगम कोटा की होटल/रेस्टोरेन्ट/मैस उपविधि 2016 के अनुसार 'NEONN NIGHTS" लॉट नं. 33, गणपति नगर स्कीम, बून्दी रोड, कोटा में होटल संचालन करने की अनुमति चाही गई है।

इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस की अवधि में राजीव गांधी भवन नगर निगम कोटा के ब्लॉक "ए" के प्रथम तल के कमरा नं. 238 में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी तथा उपविधि 2016 के अनुसार कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जावेगी। सूचित हो।

उपायुक्त राजस्व नगर निगम कोटा


# श्रद्धा में वृद्धजनों की चिकित्सकीय जांच एवं भोजन करवाया

**कोटा,** (निसं)। दादा नारायण दास मदनानी सेवा संस्थान द्वारा उनकी 19वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष में श्रद्धा वृद्धा आश्रम में चिकित्सा शिविर एवं एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया तथा साथ ही भोजन की व्यवस्था की गई। संस्थान के अध्यक्ष किशोर मदनानी एवं सचिव प्रकाश वीर नाथानी ने बताया कि नारायण सेवा सप्ताह की शुरुआत श्रद्धा वृद्धा आश्रम में वृद्धजनों का आशीर्वाद लेते हुए भोजन करवाया। चिकित्सा शिविर में डॉ. विनय गुवालानी, डॉ. गर्वित विजयवर्गीय एवं डॉ. संगीता जैन ने अपनी सेवाएं दी। सभी वृद्धजनों की मधुमेह एवं बी.पी. की जांच भी की गई। संस्थान के पदाधिकारियों के साथ वृद्धजनों ने अपने अनुभव भी सांझा किए। इस सेवा कार्य में अशोक शर्मा, फिरोज खान, भागचंद हेमनानी, राकेश हरिसिंघानी, हिमांशु सिंह, आदि ने अपनी सेवाएं दी।

■ दादा नारायण दास मदनानी स्मृति सेवा सप्ताह




दादा नारायण दास मदनानी सेवा संस्थान द्वारा उनकी पुण्यतिथि के उपलक्ष में वृद्धा आश्रम में चिकित्सा एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया।


## राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड कोटा

क्रमांक 802 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 27.11.25

आवास संख्या 1-एच-11 विकास नगर, बून्दी का आवंटन मण्डल द्वारा श्री गोकुल एन. पुत्र श्री नेचल दास को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्री गोकुल एन. पुत्र श्री नेचल दास द्वारा दिनांक 29.09.2000 को अपने पक्ष में करवाया गया। पंजीयन उपरांत श्री गोकुल एन. पुत्र श्री नेचल दास द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय का विलेख पत्र आलेखित कर दिनांक 23.03.2018 को श्री रवि शंकर ठाकौर पुत्र श्री जितेन्द्र शंकर ठाकौर को किया गया। श्री रवि शंकर ठाकौर पुत्र श्री जितेन्द्र शंकर ठाकौर का नाम दिनांक 24.07.2025 को विक्रय पत्र के आधार पर उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में दर्ज किया गया। तत्पश्चात् श्री रवि शंकर ठाकौर पुत्र श्री जितेन्द्र शंकर ठाकौर द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय का विलेख पत्र आलेखित कर दिनांक 01.09.2025 को श्री शुभम मंत्री पुत्र श्री नारायण मंत्री को किया गया। श्री शुभम मंत्री पुत्र श्री नारायण मंत्री द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 1-एच-11 विकास नगर, बून्दी को विक्रय का विलेख पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मण्डल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अत: उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री शुभम मंत्री पुत्र श्री नारायण मंत्री का नाम दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री शुभम मंत्री पुत्र श्री नारायण मंत्री का नाम दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री शुभम मंत्री पुत्र श्री नारायण मंत्री के नाम दर्ज कर दिया जावेगा। आवासीय अभियन्ता राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड कोटा

## कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ11/विक्रय/2025/637 दिनांक:-01.12.25

**नाम हस्तान्तरण बाबत आम सूचना**

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा आवास/भूखण्ड संख्या-231 केशवपुरा-7 योजना का आवंटन प्राधिकरण के पत्र क्रमांक-15 दिनांक 05.12.1986 द्वारा श्री मो. रफीक पुत्र श्री मो. शफीक को आंवटित किया गया था। श्री मो.॰रफीक के द्वारा श्री चरण सिंह पुत्र श्री जगदीश सिंह को उक्त भूखण्ड कि कार्यवाही के सम्बंध में मुख्तारआम नियुक्त किया गया। श्री चरण सिंह पुत्र श्री जगदीश सिंह के द्वारा मुख्तारआम के आधार पर उक्त भूखण्ड का बैचान जर्ये विक्रय पत्र दिनांक 28.09.2022 को श्रीमती विमला बाई पत्नि श्री भीम सिंह के द्वारा अपने नाम उक्त भूखण्ड का नाम हस्तांतरण हेतु आवेदन किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है यदि इस नाम हस्तांतरण की स्वीकृती देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिन के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति दर्ज करावे अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास /भूखण्ड संख्या-231 केशवपुरा-7 योजना का नाम हस्तांतरण श्रीमती विमला बाई पत्नि श्री भीम सिंह के नाम कर दिया जावेगा।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा


# रामगंजमंडी में बागेश्वर धाम कथा की तैयारियों की शुरुआत

**रामगंजमंडी,** (निसं)। नगर में 21, 22 और 23 जनवरी 2026 को होने वाली बागेश्वर धाम कथा की तैयारियाँ तेजी से आगे बढ़ रही हैं।

तैयारियों के क्रम में मंगलवार को रामगंजमंडी के बालाजी मंदिर, स्टेशन चौराहे पर बागेश्वर धाम से लाई गई बालाजी महाराज की पावन मूर्ति पहुंची। धाम से आई मूर्ति की नगरपालिका अध्यक्ष अखिलेश मेड़तवाल तथा कोटा स्टोन स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन अध्यक्ष नरेन्द्र काला ने विधिवत पूजन-अभिषेक कर मूर्ति की स्थापना की।

■ बालाजी महाराज की पावन मूर्ति का हुआ आगमन, किया विधिवत स्वागत

मूर्ति आगमन के साथ ही श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया। गौरतलब है कि इस कथा का समय शिक्षा व पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने हाल ही में बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री से भेंट कर तय किया था। मंत्री की पहल के बाद क्षेत्र में कथा को लेकर उत्सुकता और भक्ति का वातावरण निरंतर बढ़ रहा है।

बालाजी की पावन मूर्ति के नगर आगमन से पूरे क्षेत्र में भक्ति भाव, ऊर्जा और आध्यात्मिक उल्लास का माहौल व्याप्त हो गया है। इस अवसर पर कई भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, भक्तगण व समाजसेवी मौजूद रहे।

### नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर कल

**बून्दी** (निसं)। अग्रवाल आई एंड स्किन हॉस्पिटल द्वारा 3 दिसंबर को अग्रवाल आई एंड स्किन हॉस्पिटल खोजा गेट रोड पर नि:शुल्क नेत्र रोग जांच व ऑपरेशन परामर्श शिविर प्रात: 10 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया जायगा। शिविर में मुख्य नेत्र विशेषज्ञ व रिफ्रेक्टिव सर्जन डॉ. संजय गुप्ता पेंशनर्स व नेत्र रोगियों को नि:शुल्क परामर्श देंगे।


## कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ11 विक्रय/2025/541 **विज्ञप्ति** दिनांक:- 28.11.25

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा की योजना श्रीनाथपुरम-ए व्यावसायिक भूखण्ड संख्या 191 को आवंटन/न्यास पत्र क्रमांक 567 दिनांक 09.01.2023 को श्री सुनील पुत्र श्री सुन्दर को आवंटन किया गया था। उक्त भूखण्ड की रजिस्ट्री जर्ये मुख्तारआम श्री कृष्ण कान्त पुत्र श्री राम प्रसाद द्वारा कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा से चाही जा रही है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि इस रजिस्ट्री में किसी को कोई एतराज या आपति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें. अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात् उक्त भूखण्ड संख्या 191 योजना श्रीनाथपुरम-ए व्यावसायिक की रजिस्ट्री श्री सुनील पुत्र श्री सुन्दर जर्ये मुख्तारआम श्री कृष्ण कान्त पुत्र श्री राम प्रसाद के नाम जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा


# खाद के टोकन नहीं मिले तो किसान एसडीएम ऑफिस पहुंचे

**छबड़ा** (निसं)। खाद संकट को लेकर किसानों का आक्रोश अब दिनों-दिन बढ़ता ही जा रहा है। मंगलवार को खाद के टोकन नही मिलने से नाराज किसानो ने एसडीएम ऑफिस कूच किया और यहां उन्होंने नारेबाजी कर आक्रोश जताया।

किसानों का कहना है कि वे मंगलवार अलसुबह से ही खाद के टोकन लेने के लिए खेल मैदान में पहुंच गए थे और कतार में लग गए हैं। उनका आरोप है कि कुछ किसानों को कूपन देने के बाद यह प्रक्रिया बंद कर दी। सुबह से ही भूखे-प्यासे लाईनो में लगने के बाद खाद नही मिलने से आक्रोशित किसान एसडीएम कार्यालय पहुंच गए और जमकर नारेबाजी की। किसानों ने बताया कि वर्तमान समय में फसलों की बुवाई का समय चल रहा हैं। इस कारण यूरिया की अत्यधिक जरूरत है। यूरिया नहीं मिलने के कारण फसलें खराब होने की संभावना बढ़ गई हैं। सुबह से शाम तक कतारों में खड़े रहने के बावजूद खाद नहीं मिल पा रहा हैं।


**आम-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि अचल सम्पत्ति व्यवसायिक भूखण्ड संख्या 399-ए एवं भूखण्ड संख्या 400 का पश्चिमी भाग वाके शोपिंग सेन्टर कोटा (राजस्थान) में स्थित हैं, उक्त सम्पत्ति में से भूखण्ड संख्या 399-ए को नगर विकास न्यास कोटा से श्री गुल मोहम्मद एवं श्री अब्दुल वहीद को जरिये रजिस्टर्ड लीज डीड दिनांक 05.10.1981 जिसका पंजीयन दिनांक 31.10.1981 को प्राप्त हुई थी, तत्पश्चात् श्री अब्दुल वहीद ने (1/2 भाग हिस्सा का दान-पत्र) जरिये रजिस्टर्ड गिफ्ट-डीड दिनांक 23.03.2023 को श्री गुल मोहम्मद के पक्ष में कर दिया हैं, एवं इसी प्रकार से उक्त भूखण्ड संख्या 400 को नगर विकास न्यास कोटा से श्री बिशन दास एवं श्रीमती कौशल्या मलिक को जरिये रजिस्टर्ड लीज डीड दिनांक 19.11.1981 को प्राप्त हुई थी, तत्पश्चात् श्री हाजी खलील अहमद मुख्तार आम श्री बिशन दास एवं श्रीमती कौशल्या मलिक ने बेचान जरिये रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र दिनांक 16.10.1982 को श्री गुल मोहम्मद एवं श्री अब्दुल वहीद के पक्ष में कर दिया, तत्पश्चात श्री गुल मोहम्मद एवं श्री अब्दुल वहीद ने हक-त्याग जरिये रजिस्टर्ड रिलीज डीड दिनांक 23.03.2023 को श्री अब्दुल रशीद के पक्ष में कर दिया, तत्पश्चात् श्री अब्दुल रशीद ने (उक्त भूखण्ड संख्या 400 का भाग, 180 वर्गफुट को दान-पत्र) जरिये रजिस्टर्ड गिफ्ट डीड दिनांक 24.03. 2023 को श्री गुल मोहम्मद के पक्ष में कर दिया, तत्पश्चात् श्री गुल मोहम्मद ने उक्त भूखण्ड संख्या 399-ए एवं भूखण्ड संख्या 400 का पश्चिमी भाग को दान-पत्र जरिये रजिस्टर्ड गिफ्ट डीड दिनांक 20.09. 2023 को श्री मोहम्मद अवेश कुरैशी के पक्ष में कर दिया हैं, जिस बाबत् मेरे अभिभाष्य श्री मोहम्मद अवेश कुरैशी आत्मज श्री गुलाम हुसैन वित्तीय संस्था CHOLAMANDLAM INVESTMENT & FINANCE CO.LTD. से ऋण ले रहे हैं, सर्वसाधारण को उक्त सम्पत्ति के विधिक वारिसान, मालीकाना हक स्वामित्व, कब्जे व अधिकार पर कोई आपत्ति हो तो पांच दिवस मे लिखित में मय दस्तावेज सूचित करें अन्यथा आपत्ति शून्य, अप्रभावी व अमान्य समझी जावेगी।

मोहर

For SRM PARTNERS KOTA
Off. No. 127, Santwani Sadan, Ballabh Bari Kota, M.: 7737426847

दिनांक: 02.12.2025


# आरटीयू की अंतरिक्ष प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने की रिकॉर्ड सहभागिता

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा में आयोजित तीन दिवसीय "विक्रम साराभाई अंतरिक्ष प्रदर्शनी" का शुभारंभ 1 दिसंबर को हुआ। यह भव्य आयोजन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के स्पेस एप्लीकेशन सेंटर, अहमदाबाद द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें कोटा के सभी विद्यालयों और तकनीकी संस्थानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

60 से अधिक शिक्षण संस्थानों और 6000 से अधिक विद्यार्थियों ने पंजीकरण करवाया, जिससे परिसर दिनभर उत्साह और जिज्ञासा से भरा रहा। कुलगुरु प्रो.निमित रंजन चौधरी ने प्रदर्शनी की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इसरो के सहयोग से आयोजित यह प्रदर्शनी हमारे छात्रों के लिए प्रेरणा का असाधारण स्रोत बनी है। कोटा के विद्यालयों के विद्यार्थियों की व्यापक उपस्थिति ने यह सिद्ध किया है कि युवा पीढ़ी विज्ञान और अंतरिक्ष अनुसंधान के प्रति अत्यधिक उत्सुक है।

आरटीयू सदैव ऐसे शैक्षणिक मंच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है जो छात्रों में नवाचार, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और भविष्य की तकनीकी सोच को प्रोत्साहित करें। कोटा के लगभग सभी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने इस प्रदर्शनी का दौरा किया। प्रदर्शनी के दूसरे दिन ही करीब 3000 विद्यार्थियों ने आरटीयू परिसर पहुँचकर प्रदर्शनी का अवलोकन किया, जबकि और भी कई विद्यालयों के छात्र पंजीकरण कर कतार में अपनी बारी का इंतजार करते दिखे।



आरटीयू की अंतरिक्ष प्रदर्शनी में दिनभर विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया है।

चंद्रयान, मंगलयान, लॉन्चपैड, रॉकेट प्रणाली, उपग्रह, रोवर आदि- विद्यार्थियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बने रहे। इसरो की स्पेस साइंस बस भी विद्यार्थियों में रोमांच और उत्साह का प्रमुख विषय रही। दो विशेष फिल्म-स्क्रीनिंग कक्षों में अंतरिक्ष पर आधारित शैक्षणिक वृत्तचित्र दिखाए गए, जिन्हें बच्चों ने बड़ी रुचि और ध्यान से देखा। प्रदर्शनी में उपस्थित भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों से विद्यार्थियों ने सीधे संवाद कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान पाया, जिससे उनका अनुभव और भी समृद्ध हुआ।

कई विद्यार्थियों ने कहा कि इस प्रदर्शनी ने उनके मन में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति नई ऊर्जा पैदा की है। उन्हें भारत की अंतरिक्ष यात्रा को करीब से समझने का अवसर मिला, जो उनके लिए अविस्मरणीय अनुभव रहा। यह प्रदर्शनी 3 दिसंबर तक जारी रहेगी, जिसमें कोटा और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल होंगे।


## पश्चिम मध्य रेल

निविदा सूचना – दिनांक 27.11.2025
वरि.म.या.अभि / प.म.रे / कोटा / 16ए–2025–26

मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक) पश्चिम मध्य रेलवे / कोटा द्वारा टर्न की के आधार पर निम्नलिखित कार्य के लिये निर्धारित प्रपत्र पर खुली निविदा (सिंगल पैकेट सिस्टम में) भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से पर्याप्त अनुभवी एवं वित्तीय क्षमता रखने वाली प्रतिष्ठित फर्म/कम्पनी से IREPS पोर्टल पर आमंत्रित की जाती है। निविदा IREPS पोर्टल पर दिनांक 22.12.2025 को 11.00 बजे बंद हो जायेगी तथा उसी दिन 11.00 बजे पर खोली जायेंगी **टेंडर नं.:** वरि.म.या.अभि / प.म.रे / कोटा / 16ए–2025–26, **कार्य का विवरण :** कोटा सी.एण्ड डिपो में एच का 1000 वैगनों का आर.ओ.एच. कार्य।, **अनुमानित लागत :** 23000164.40, **बयाना राशि :** 265000.00, **कम्प्लीशन पीरियड :** 12 Months, **निविदा बंद होने की दिनांक एवं समय :** 22.12.2025 at 11.00, **निविदा खुलने की दिनांक एवं समय :** 22.12.2025 at 11.00 रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in. पर डाली गई ई-निविदा सूचना में सम्पूर्ण विवरण उपलब्ध है। सम्पूर्ण निविदा प्रपत्र उपरोक्त बेबसाईट से उतारा जा सकता है। (हस्ता)

मण्डल रेल प्रबंधक (यॉंत्रिक)
पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## कार्यालय नगर पालिका छबड़ा जिला बारां

क्रमांक:-न.पा.छ./2025/6194 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक:-28.11.25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति द्वारा राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 "क" की उपधारा (B) के अधीन स्थानीय प्राधिकारी के न्यायधीश रखी गई भूमि का नियमितिकरण और आवंटन हेतु अधिसूचना क्रमांक एफ 3 (50) यूडीएच/3/2012 मई 31, 2012 के अध्याय 3 के बिन्दु सं. 16 के प्रावधानों के अन्तर्गत राजस्थान नगरीय क्षैत्र (कृषि भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 2012 के 22 अन्तर्गत नियमितिकरण/आवंटन हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज प्रमाण के 07 दिवस की अवधि में इस कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर दें। समयावधि गुजरने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र. सं. | आवेदक/हितबद्ध व्यक्ति का नाम | खसरा सं. | स्थान/कालोनी का नाम | भूखंड सं. | क्षेत्रफल वर्गफीट |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री दीपचंद सुमन पुत्र रामस्वरुप जाति माली निवासी केवल नगर गुजर बस्ती कोटा राज. | 625/2 | आनन्द विहार कालोनी छबड़ा | 397 | 20x40 =800 |

नोट:- उक्त भूखंड अनुमोदित योजना के ले-आउट प्लान की सीमा से बाहर होने व मास्टर प्लान 2023 में दर्शित भू-उपयोग से भिन्न होने की स्थिति में पत्रावली निरस्त कर दी जावेगी।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका छबड़ा

## कार्यालय नगर पालिका छबड़ा जिला बारां

क्रमांक:-न.पा.छ./2025/6197 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक:-28.11.25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति द्वारा राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 "क" की उपधारा (B) के अधीन स्थानीय प्राधिकारी के न्यायधीश रखी गई भूमि का नियमितिकरण और आवंटन हेतु अधिसूचना क्रमांक एफ 3 (50) यूडीएच/3/2012 मई 31, 2012 के अध्याय 3 के बिन्दु सं. 16 के प्रावधानों के अन्तर्गत राजस्थान नगरीय क्षैत्र (कृषि भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 2012 के 22 अन्तर्गत नियमितिकरण/आवंटन हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज प्रमाण के 07 दिवस की अवधि में इस कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर दें। समयावधि गुजरने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र. सं. | आवेदक/हितबद्ध व्यक्ति का नाम | खसरा सं. | स्थान/कालोनी का नाम | भूखंड सं. | क्षेत्रफल वर्गफीट |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री दीपचंद सुमन पुत्र रामस्वरुप जाति माली निवासी केवल नगर गुजर बस्ती कोटा राज. | 625/2 | आनन्द विहार कालोनी छबड़ा | 398 | 20x40 =800 |

नोट:- उक्त भूखंड अनुमोदित योजना के ले-आउट प्लान की सीमा से बाहर होने व मास्टर प्लान 2023 में दर्शित भू-उपयोग से भिन्न होने की स्थिति में पत्रावली निरस्त कर दी जावेगी।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका छबड़ा

## कार्यालय नगर पालिका छबड़ा जिला बारां

क्रमांक:-न.पा.छ./2025/6192 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक:-28.11.25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति द्वारा राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 "क" की उपधारा (B) के अधीन स्थानीय प्राधिकारी के न्यायधीश रखी गई भूमि का नियमितिकरण और आवंटन हेतु अधिसूचना क्रमांक एफ 3 (50) यूडीएच/3/2012 मई 31, 2012 के अध्याय 3 के बिन्दु सं. 16 के प्रावधानों के अन्तर्गत राजस्थान नगरीय क्षैत्र (कृषि भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 2012 के 22 अन्तर्गत नियमितिकरण/आवंटन हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज प्रमाण के 07 दिवस की अवधि में इस कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर दें। समयावधि गुजरने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र. सं. | आवेदक/हितबद्ध व्यक्ति का नाम | खसरा सं. | स्थान/कालोनी का नाम | भूखंड सं. | क्षेत्रफल वर्गफीट |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री मुकेश साहू पुत्र श्री कजोड जाति साहू निवासी ग्राम कमालपुरा तह. छबड़ा जिला बारां राज. | 626, 627, 629, | टीचर्स कालोनी छबड़ा | 223 | 20x40 =800 |

नोट:- उक्त भूखंड अनुमोदित योजना के ले-आउट प्लान की सीमा से बाहर होने व मास्टर प्लान 2023 में दर्शित भू-उपयोग से भिन्न होने की स्थिति में पत्रावली निरस्त कर दी जावेगी।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका छबड़ा